Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 06-03-2022 | अंक 160

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## ब्रीफ न्यूज

### बाइक के चपेट में आने से बुजुर्ग घायल, रेफर



बरही थाना अंतर्गत गौरियाकरमा निवासी परमेश्वर चौधरी उम्र 50 वर्ष बाइक के चपेट में आने से घायल हो गए। आस पास के ग्रामीणों ने उन्हे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया । जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

### चापाकल बनाने के दौरान मिस्त्री हुआ घायल



बरही प्रखंड अंतर्गत खोड़ाहर पंचायत के पांचमाइल निवासी बसंत एक्का उम्र 55 वर्ष पिता स्व रुपवा एक्का, सचिन बाड़ा उम्र 20 वर्ष पिता पाशी बाड़ा चापाकल बनाने के दौरान चोट लग गया। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनो घायलों को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया।

## सुचना

### नौ दिवसीय श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ का आयोजन कल

धनबाद रोड एनएच परिसर के पास अवस्थित भगवती मंदिर में आज से नौ दिवसीय शत. चंडी महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। नौ दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में सोमवार को भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। 15 मार्च को पूर्णाहुति के साथ यज्ञ का समापन होगा। जानकारी समजसेवी रमेश ठाकुर ने दी है।

# दिवंगत रूपेश पांडेय के परिजनों से मिलने पहुंची केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी

## हत्यारों को पकड़ने में उदासीनता बरत रही बरही पुलिस, पीएम एवं गृहमंत्री को कराउंगी अवगत : अन्नपूर्णा देवी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी रविवार सुबह 11 बजे रूपेश पांडेय के परिजनों से मिलने नईटांड़ बरही पहुंची । उनके साथ बरही विधानसभा के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव मौजूद रहे। नईटांड़ पहुंचकर सबसे पहले रूपेश पांडेय के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उनकी आत्मा के शांति के लिए प्रार्थना की। तत्पश्चात मृतक रूपेश पांडेय की मां से मिलकर उनका ढांढस बंधाया। रूपेश की मां ने घटना से अवगत कराते हुए बताया कि मेरा रूपेश मात्र 17 वर्ष का एक होनहार इकलौता बेटा था। जिसकी हत्या 6 फरवरी की शाम 6 बजे प्रतिमा विसर्जन के दौरान एक विशेष समुदाय के लोगो के द्वारा कर दी गई। हत्या के एक महीना हो गया है लेकिन अभी तक बरही पुलिस 27 नामजद अभियुक्तों में से सिर्फ पांच को ही गिरफ्तार कर पाई है । शेष हत्यारे खुलेआम घूम रहे है । यदि हमारे परिवार को न्याय नही मिलता है तो मैं भी आत्मदाह कर लूंगी । केंद्रीय राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बरही एसडीओ पूनम कुजूर, बरही एसडीपीओ नजीर अख्तर एवं बरही थाना प्रभारी नीरज कुमार सिंह से इस मामले में पूछ ताछ कर जानकारी ली। उन्होंने आदेश दिया की इस हत्याकांड में शामिल सभी अभियुक्तों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करे ताकि जनता को प्रशासन पर भरोसा बना रहे। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि घटना के बाद पुलिस की उदासीन रवैया से प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री को अवगत करूंगी।



परिजनो से जानकारी प्राप्त करती अन्नपूर्णा देवी



बेटे को याद करके विलाप करती रूपेश की मां



रूपेश की मां से जानकारी लेते हुए

बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि बरही पुलिस राजनीतिक दबाव में एकपक्षीय कार्यवाई कर रही है। पुलिस रूपेश के हत्यारों को पकड़ने के बजाव निर्दोष लोगों पर झूठी मुकदमा दायर कर उन्हें पकड़ने के लिए परेशान है। पूर्व विधायक ने मंत्री से मांग किया कि रूपेश पांडेय को न्याय दिलाने के सड़क पर उतरे कई लोगों पर मामला दर्ज कर दिया गया है उन सबपर से मामला वापस हो मौके पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, बरकट्ठा विधायक अमित यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक यादव, जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, कोड. रमा जिला अध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी, भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रमंडल प्रभारी किशुन यादव, भाजपा युवा नेता रितेश गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, कैलाश ठाकुर, कमल शंकर पंडित, जितेंद्र गिरी, बंधन यादव, पप्पू चंद्रवंशी, राजकुमार यादव, अशोक यादव, जुगल यादव, सहदेव यादव, मेवालाल केशरी, झारखंडी पांडेय, इंद्रदेव ठाकुर, राजकुमार रविदास, नागेंद्र पांडेय, अनिल पांडेय, जितेंद्र पांडेय, पिंटू यादव, सचिन यादव, अमित सिंह, विक्रम पांडेय एवं सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# झारखण्ड प्रजापति (कुम्हार) महासंघ की बैठक में वार्षिक सम्मेलन पर चर्चा

## 24 मार्च को होगा अनुमंडल स्तरीय प्रजापति मिलन सह संस्कार समारोह का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

झारखण्ड प्रजापति कुम्हार महासंघ बरही इकाई की बैठक प्रजापति भवन में हुई। अध्यक्षता अध्यक्ष संतोष प्रजा. पति एवं संचालन अरुण प्रजापति ने किया। बैठक में अरुण कुमार प्रजापति ने बताया कि आगामी छह मार्च को अनुमंडल स्तरीय प्रजापति मिलन सह संस्कार समारोह



का आयोजन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। बैठक में पहुंचे जिला संयोजक गोपाल पंडित ने कहा कि 24 मार्च को आयोजित समारोह में 75 वर्ष के ऊपर के उम्र वाले बुजुर्गो को सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही प्रजा. पति समाज के बच्चों एवं बच्चीयों के द्वारा गीत संगीत के साथ साथ समाज सुधारक नाट्य का मंचन किया जाएगा। इसके साथ ही इस समारोह में नव गठित ग्राम कमेटी को भी सम्मानित किया जाएगा। सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी नौ मार्च को कार्यकम की वृहत बैठक का आयोजन किया जाएगा। जिसके कार्यक्रम के लिए राशि की संग्रह एवं अन्य तैयारियों की जायजा लिया जाएगा। मौके पर तोखन प्रजापति, देवधारी प्रजापति, अयोध्या प्रजापति, डॉ नारायण पंडित, कृष्णा प्रजा. पति, संतोष प्रजापति, अरुण प्रजापति सहित कई लोग मौजूद थे।

डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार | सहयोगी: सोनू पंडित | एडिटर: सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## चलकुशा प्रखंड के चौबे में 5 घरों से चोरों ने उडाए जेवरात, बर्तन

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



थाना क्षेत्र के चौबे में शनिवार की रात चोरों ने विजय शर्मा के घर से कासा, पीतल का बर्तन जेवरात नगद 5000 वही दशरथ ज्यादा के घर से चांदी का जेवर और कासा पीतल का बर्तन छोटू यादव के घर से कासा, पीतल का बर्तन भीखी मोदी के द्वारा बेचने के लिए लाया गया सिंगार का समान चोरी कर लिया गया। रो. हित यादव के घर का ताला तोड़ा, लेकिन घर से कोई भी समान नहीं ले जा सका। उक्त व्यक्तियों ने बताया कि हम लोग बगल के रूम में सोए हुए थे, लेकिन हम लोगों को पता ही नहीं चल पाया कि घर में चोरी हो रही है। इसकी सूचना चल कुसा थाना को दिया गया है ।लेकिन समाचार लिखे जाने तक कोई भी व्यक्ति अभी तक थाने से घटनास्थल पर नहीं पहुंचे हैं, ज्ञात हो कि पूर्व में भी इस तरह की चोरी का अंजाम चोरों के द्वारा दिया गया है लेकिन आज तक चोरों का उद्भेदन नहीं हो सका है। जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

## शैक्षणिक हब बनाने में स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय निभाएगा अहम भूमिका : संजय वर्णवाल

### स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय ट्रस्ट ने मनाया पहली वर्षगांठ

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




कार्यक्रम को संबोधित करते कृष्णा प्रजापति




स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय ट्रस्ट की ओर से स्वामी विवेकानंद पुस्. तकालय बरही में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष प्रो डॉ संजय वर्णवाल एवं संचालन सचिव कृष्णा प्रजापति ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रपति पुरस्कृत सेवानिवृत शिक्षक सह उपाध्यक्ष ईशो सिंह, डॉ संगीता चौधरी, महेंद्र प्रसाद दुबे, कोषध्यक्ष अमित केशरी, समाजसेवी रमेश ठाकुर मौजूद रहे। उपस्थित सदस्यों एवं पदा. धिकारी ने संयुक्त रूप से केक काटकर वार्षिकोत्सव का आगाज किया । इसके पहले सभी पदाधिकारियों एवं अन्य सभी सदस्यों को बुके देकर स्वागत किया गया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यकारी अध्यक्ष प्रो डॉ संजय वर्णवाल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद पुस्तकालय शिक्षा के विकास में अहम भूमिका निभाएगा। शैक्षणिक हब बनाने में पुस्तकालय के द्वारा अन्य कार्य कराया जाएगा। ईशो सिंह ने कहा कि बुद्धिजीवी मंच का सपना अब पुस्तकालय के विकास के तौर पर पूरा हो रहा है । डॉ संगीता चौधरी ने कहा कि स्वामी विवेक. ानंद पुस्तकालय के माध्यम से बच्चों को पुस्. तकालय के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम को डॉ सुनील दत्ता, दिनेश्वर यादव, संजय दूबे, गोपाल पंडित, देवधारी प्रजापति , राजेन्द्र रुख़रीयार, गुलाब दास, केदार राणा आदि ने भी पुस्तकालय के विकास को लेकर सुझाव दिए। मौके पर उपाध्यक्ष महेंद्र दुबे, रमेश ठाकुर, अमित केशरी, मथुरा प्रसाद, रितेश गुप्ता, गोपाल पंडित, आलोक वर्णवाल, मनोज घोष, केदार राणा, राज आर्यन उर्फ छोटी, मो अजहरुद्दीन, सोएब अख्तर, राजेन्द्र रुख़रीयार, राजकुमार केशरी, गुरुदेव गुप्ता, राजेश केशरी, देवधारी प्रजापति, बीरेंद्र कुमार, प्राख्यात कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष संजय बरनवाल, उपाध्यक्ष डॉ संगीता चौधरी, ईश्वर सिंह, महेंद्र दुबे, महासचिव कृष्णा प्रजापति, कोषाध्यक्ष अमित कुमार केसरी, रमेश ठाकुर, राजेंद्र प्रसाद, संजय दुबे, सुनील कुमार दत्ता, रितेश कुमार गुप्ता, आलोक कुमार वर्णवाल, राजेंद्र प्रसाद केसरी, देवधारी प्रजापति, अयोध्या कुमार, दिनेशवर यादव, मथुरा प्रसाद, गुलाब कुमार दास, केदार राणा, शोएब अख्तर, राजेंद्र प्रसाद आर्य, गुरुदेव गुप्ता, साधु शरण दास, वीरेंद्र कुमार, अजरुदीन, राजेश प्रसाद केसरी, राजकुमार प्रसाद केसरी, अनुज प्रजापति, कार्यालय प्रभारी राज आर्यन उर्फ छोटी, सह कार्यालय प्रभारी प्रख्यात उर्फ सेतु, केयरटेकर शंभू माली उपस्थित थे।

APEM
LIVE

## विधायक उमाशंकर अकेला ने किया श्रीनगर में तालाब जीर्णोधार का शिलान्यास

### राज्य संपोषित योजना से होगा तालाब का जीर्णोधार : अकेला

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



तालाब का जीर्णोधार का शिलान्यास करते विधायक अकेला

बरही प्रखंड अंतर्गत बरसोत पंचायत के श्रीनगर में बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने राज्य संपोषित योजना के तहत 1 करोड़ 6 लाख के लागत से होने वाले तालाब जीर्णोद्धार का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुझे मालूम है कि श्रीनगर एक विस्थापित गांव है। जिसके कारण इस गांव के लोगो को अन्य गांव के लोगो के अपेक्षा सुविधा नहीं मिल पाती है। जैसे खतियान नही होनें के कारण यहां के लोगो का प्रमाण पत्र नही बन पता है । जिससे यहां के युवाओं को नौकरियां नही मिल पाती है । यह बहुत दुर्भाग्य की बात है। डीवीसी ने इस गांव के लोगो को मालिकाना हक नही दिया है ।। जिसके कारण इस गांव के लोगो के जमीन का दाखिल खारिज नही हो पाता है। जिससे यहां के लोगो को काफी परेशानी होती है। साथ ही उन्होंने लोगो को आश्वासन दिया की इस मुद्दा को मैं विधानसभा में भी उठाऊंगा। मौके पर बरही विधानसभा विधायक प्रतिनिधि विनोद यादव, कांग्रेस जिला महासचिव अब्दुल मन्नान वारसी, रघुनंदन गोप, विजय यादव, सीताराम यादव, संतोष यादव, वीरेंद्र यादव, राजकुमार यादव, मनोज यादव, मनोहर यादव, सुरेंद्र यादव, कालीचरण, अजीत कुमार, शुभम शर्मा, हरिहर प्रसाद, टिंकू केशरी एवं सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## घाटघौरेया मध्यम सिंचाई योजना के जीर्णोदार का भूमिपूजन

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



घाटघौरेया मध्यम सिंचाई योजना के जीर्णोदार का शिलान्यास करते विधायक जेपी भाई पटेल

लंबे समय से जीर्णोदार की बाट जोह रहे प्रखंड के खरना पंचायत अंतर्गत घाटघौरेया मध्यम सिंचाई योजना की आस पूरी हुई। जीर्णोदार कार्य का रविवार को भूमिपूजन किया गया। मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने शिलापट का अनावरण का जीर्णोदार कार्य की शुरूआत की। कार्य जल संसाधन विभाग अंतर्गत लघु सिंचाई विभाग के द्वारा कराया जाएगा। इस मौके पर विधायक ने कहा कि घाटघौरेया डैम के पानी से किसानों को सिंच. ाई की सुविधा प्राप्त होती है। कई दशकों से इसके गहरीकरण का काम नहीं होने से यह धीरे-धीरे संकीर्ण रूप लेता जा रहा था। डैम के जल संग्रहण क्षमता में भी कमी आई थी। क्षेत्र के किसानों की यह लंबे समय से मांग थी कि इसका गहरीकरण हो तो पटवन की सुविधा खेतों को मिलेगी। अब किसानों एवं ग्रामीणों की मांग पूरी हुई। सुंदरीकरण से डैम का नया स्वरूप शीघ्र सबके सामने होगा। किसान के खेतों में पटवन की भरपूर सुविधा उपलब्ध होगी। मौके पर ग्राम प्रधान रीना देवी, पंसस चुनूलाल सोरेन, केबी मंडल, हीरामन महतो, टेकोचंद महतो, गुरु प्रसाद साव, चेतलाल महतो, गुलाबशंकर महतो, महेन्द्र कुमार महतो, रामचंद्र यादव, विजय साव समेत कई लोग मौजूद थे।

## आजसू पाटद्व 1932 की एवं अंतिम सर्वे खतियान के आधार पर स्थानीयता की मांग को लेकर विधानसभा घेराव आज

**अपेम लाइवः बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



तापेश्वर कुमार तापस

झारखंड में 1932 की एवं अंतिम सर्वे खतियान के आधार पर स्थानीयता की मांग को लेकर आज 7 मार्च को आजसू पार्टी के द्वारा विधानसभा घेराव कर आंदोलन किया जाएगा । जिसे लेकर बड़कागांव प्रखंड आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा विधान सभा घेराव को लेकर रांची जाने की तैयारियां पूरी कर ली गई है। प्रखंड से लगभग 200 सक्रिय कार्यकर्ता दर्जनभर से अधिक चार चक्के वाहन आज रांची के लिए रवाना होंगी। उक्त आशय की जानकारी आजसू पार्टी के प्रखंड प्रवक्ता तापेश्वर कुमार तापस ने दी है। उन्होंने कहा 1932 एवं अंतिम सर्वे खतियान लागू नहीं होने से झारखंड के बहु संख्यक स्थानीय आबादी को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसे लागू कराने के लिए आजसू पार्टी निरंतर संघर्षरत है । वर्तमान की हेमंत सरकार के ढुलमुल रवैया के कारण आजसू पार्टी सड़क से सदन तक हक व अधिकार की लड़ाई जारी रखेगी।

## RAINBOW SCHOOL BARHI

RAINBOW SCHOOL BARHI

UID NO. 20040117202

Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag

Contact Number- 8210966457,8863095445

(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)


**ADMISSION OPEN NOW**




Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

### SALIENT FEATURES

- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto X[th] Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26[th] Jan & 15[th] Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum









इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।

––– डायरेक्टर (सिकंदर प्र0 कुशवाहा) की कलम से





वादा नहीं विकास करेंगे...

जन-जन का सम्मान करेंगे...

बरही पश्चिमी से

**पंचायत समिति प्रत्याशी पद हेतु**

युवा, कर्मठ, जुझारू एवं ईमानदार

उम्मीदवार

## कपिल प्रसाद केशरी

को अपना बहुमूल्य मतदान देकर भारी मतों से विजयी बनाएं...!

**सोच हमारी विकास आपका**




**कपिल प्रसाद केशरी** भावी पंचायत समिति प्रत्याशी, बरही पश्चिमी



## PHYSICAL ACADEMY BARHI

- Boys & Girl
- Indian Army
- T.A. Army
- S.S.C, G.d.
- indian Navy
- Indian Air Force
- झारखण्ड पुलिस









फिजिकल और रिटेन दोनो की तैयारी करवाई जाती है।

नोट – हमारे यहाँ हॉस्टल की भी सुविधा है। हमारे यहाँ डे–नाईट क्लास चलती है।

Teacher : Bikash Kumar (B.A.) Sudhir Kumar (B.TA)

Contact No.- 7979908106, 9128479677, 8083536881

Trainer : Bikash Kumar, Suraj Kumar (Army Excellent)

Training Place : कोबरा गेट के सामने (उज्जैना मैदान)

Office : नहर, तिलैया रोड, बरही, हजारीबाग



नया सोच नया विकास

## भावी मुखिया उम्मीदवार

सोच हमारी विकास आपका

हमे सहयोग करें हम आपके सेवा में

आपके पंचायत का बेटा

## सुनिल गिरी

ग्राम पंचायत बेन्दगी





निवेदक:– श्री कमल गिरी

मोबाइल नं0 8521749112

सुनिल गिरी

भावी मुखिया उम्मीदवार

दिनांकः 06-03-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## जब तक विस्थापितों के हक अधिकार की बात नहीं, तब तक किसी प्रकार का कोई कार्य नहीं-अंबा प्रसाद

**अपेम लाइवः बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



केरेडारी : केरेडारी प्रखंड के ग्राम जोरदाग में विधायक अंबा प्रसाद के नेतृत्व में ग्राम वासियों की सभा हुईद्य सभा के स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद के आगमन पर विस्थापित ग्रामीणों ने ढोल बाजे एवं फूल माला पहनाकर जोरदार तरीके से स्वागत किया तथा जयघोष करते हुए सभा स्थल तक ले जाया गयाद्य झुमरीटांड़ मैदान में सभा का आयोजन किया गया। सभा अध्यक्ष लोकप्रिय विधायक अंबा प्रसाद एवं संचालक छक्कन दास ने किया। जिसमें भारी संख्या में विस्थापित महिला-पुरुष मौजूद रहेद्य सभा को स्थानीय विस्थापितों के कई वक्ताओं ने संबोधित किया एवं बगैर स्थानीय जनप्रति. निधियों जिला प्रशासन तथा कंपनी के पदाधिकारियों के द्वारा समन्वय बनाकर त्रिपक्षीय वार्ता किए कार्य शुरू करने का जमकर विरोध कियाद्य सभा को संबोधित करते हुए बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि एनटीपीसी एवं उनके अधीनस्थ कंपनि के द्वारा जब तक विस्थापितों के हक अधिकार की बात नहीं की जाएगी तब तक किसी प्रकार का कार्य नहीं होने दिया जाएगाद्य उन्होंने कहा कि भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 लागू कर, वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत ग्रामीणों को वन अधिकार पट्टा देकर वन भूमि का मुआवजा रैयती के दर पर भुगतान करने, विस्थापन तथा पुनर्वास की नीति स्पष्ट कर स्थानीय ग्रामीणों को जॉब उपलब्ध कराकर रोजगार सुनिश्चित किया जाएद्य

## पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ ने कहा मुसलमानों का फर्जी संगठन है वक्फबोर्ड

### रुपेश पांडे के हत्या पर भी हम खुल कर बोल नहीं पाते क्यों कि रुपेश के बाद पांडे लगा है

### देश मे बहुत सारे मंदिर को तोड़ कर मस्जिद बना दिया गया है,उसका मैं विरोध करता रहूंगा!

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**




चतरा – रविवार को सर्किट हाउस में विश्व विख्यात राष्टवादी व्यख्याता पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ जी मिडिया को संबोधित किए। श्री कुलश्रेष्ठ ने कल का भारत व आज का भारत पर विस्तार से बात रखा। उन्होंने भारत का सच्चा इतिहास को जानने पर बल दिया। अपनी पुरानी सनातन संस्कृति, सरोकार और हिंदूत्व को बचाने के लिए युवाओं को आगे आने का आह्वान करते हुए कहा कि हिंदू जाति में खंडित नहीं हों जाति चौखट के अंदर तक हो चौखट पार करने पर आप सिर्फ सनातन हो। हमे अपनी सनातन संस्कृति पर गर्व महसूस होना चाहिए सभी धर्मों के जन्म वर्ष हैं कोई दो हजार साल का तो कोई चौदह साल का पर सनातन धर्म का जन्म वर्ष नहीं है क्यों कि ब्रह्माण्ड की उत्पति के साथ सनातन धर्म का उत्पति हुआ है। जो जन्म लेता है वह मरता है लेकिन सनातन तब तक रहेगा जब तक ब्रह्माण्ड रहेगा। हमे आज ज्ञान हुआ कि पीपल वृक्ष 24 घंटा अ०क्सीजन देते हैं पर हमारे सनातन संस्कृति ने हजारों साल पहले इसकी महता बताई और पीपल वृक्ष को संरक्षित करने के लिए पीपल में पानी देने का विधान बनाया। उन्होंने कहा कि हम सब को गलत बताया गया कि कांग्रेस का गठन देश की आ. जादी के लिए हुआ बल्कि सच्च ये है कि कांग्रेस का गठन अंग्रेजो ने किया था जिसके लागातार पांच अध्यक्ष अंग्रेज बने। पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ ने बापू पर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि हमारे भजन को छेड़ कर अपना भजन बनाया ॒ ईश्वर अल्ला तेरो नाम॒ ईश्वर से अल्ला का तुलना करना गंदे नाले को समुद्र से तुलना करने जैसा है। जालिया वाला बाग लोग याद करते हैं लेकिन 1984 का घटना भूल जाते हैं। जबकि दोनो नरसंहार एक जैसा है फर्क इतना है कि एक अंग्रेज के शासन में हुआ तो एक राजीव गांधी के शासन में हुआ। देश के आजादी के असली हकदार नायक सुभाष चंद्र बोस को वो सम्मान नहीं मिला जो उनको मिलना था। देश के हीरोज को गौण किया गया और गद्दारों को राष्ट का मसीहा बना दिया। रुपेश पांडे के हत्या पर भी हम खुल कर बोल नहीं पाते क्यों कि रुपेश के बाद पांडे लगा है हम जाति में खंडित हो कर एक हिंदू की मौत पर हम एक नहीं हो पाते। मौके पर शोभा यादव, अशोक शर्मा, तिलेश्वर राम, प्रदीप केशरी, संजय पांडे, सुभाष सिंह, प्रदीप केशरी, गोविंद राम समेत कई लोग मौजूद थे

## कृषि समागम में किसानों ने किया फसलों का प्रदर्शन, 40 किसान हुए सम्मानित

### कृषि पदाधिकारी, आत्मा निदेशक, कृषि वैज्ञानिक आदि ने संयुक्त रूप से किया कार्यक्रम का शुभारम्भ

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



कृषि विभाग द्वारा प्रखण्ड खेल मैदान में एक दिवसीय कृषि समागम सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। समागम का शुभारम्भ बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव, जिला कृषि पदाधिकारी राजेन्द्र किशोर, परियोजना निदेशक आत्मा अनुरंजन , बीडीओ प्रेमचन्द सिन्हा, आईएआरआई के निदेशक डॉ विशाल नाथ ,कृषि वैज्ञानिक पंकज कुमार, सांसद प्रति. निधि मुकुंद साव ने संयुक्त रुप से द्वीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान प्रखण्ड के किसानों ने अपने फसलों का प्रदर्शन क्रिया। चयन समिति ने बारी बारी से सभी कृषकों के फसलों का अवलोकन किया। प्रखण्ड के 40 कृषकों को बेहतर उत्पादन के लिए पुरस्कृत किया गया। इस दौरान विधायक ने किसानों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हमारी सरकार किसानों के आर्थिक मजबूती के लिए कृत संकल्पित है। किसानों के फसलों का उत्पादन दुगनी व बेहतर हो इसके लिए हमारी सरकार कृषि यंत्रों को भी बहुत किफायती दर पर उपलब्ध करवा रही है। प्रदर्शनी में उन्नत गेंहू के खेती के लिए उदित दाँगी, वृंदावन को प्रथम पुरस्कार दिया गया। वहीँ इंगुनिया के बसन्त कुमार को पपीता, सूजी के अंगिरा देवी को गन्ना ,केंदुआ चौथी रविन्द्र चौरसिया को सरसों की उन्नत खेती के लिए प्रथम पुरस्कार मिला। इन सबो को स्प्रे मशीन देकर समान्नित किया गया। वही इस दौरान कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष विकास, विधायक प्रतिनिधि जानकी यादव, हेलाल अख्तर सहित कई लोगों उपस्थित रहे।

## होली मिलन समारोह के संचालन समिति के अध्यक्ष बने दीपक

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



चौपारण : अखिल भारतीय तैलिक साहु महासभा की अनुमंडलीय स्तर की होली मिलन समारोह आगामी 13 मार्च को निर्धारित है। जिसे लेकर अति महत्वपूर्ण बैठक प्रखण्ड के उच्च विद्यालय, सिंघरावा के विद्यालय परिसर में समपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडलीय अध्यक्ष सीताराम साहु व संचालन दीपक गुप्ता ने की। बैठक में विधानसभा स्तरीय होली मिलन समारोह संचालन समिति को लेकर एक कमेटी गठित की गई। जिसके अध्यक्ष दीपक गुप्ता को बनाया गया है। कार्यक्रम में अनुमंडलीय अध्यक्ष सीताराम साहू ,उपाध्यक्ष प्रोफेसर बद्री साहू, बीरबल साहू, महासचिव सुरेश कुमार साव, मीडिया प्रभारी मुनेश्वर गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष मदन साव, अनुज साव,अमित साव , सुरेश साव, बद्री साव , लालेश कुमार साहू, नरेश साव , मनोज साव , दिनेश साव, बंटी साव समेत समाज के सैकड़ों समाजसेवियों ने उपस्थिति दर्ज कराई।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## गिरिडीह महिला थाना और नगर थाना को महिला समूह प्रतिनिधि मंडल ने दिया आवश्यक सामग्री

**अपेम लाइव : गिरिडीह/ टाउन आदित्य पांडेय**




शनिवार को गिरिडीह महिला थाना और नगर थाना को माइक्रो फाइनेंस महिला समूह के प्रतिनिधि मंडल द्वारा बैटरी इन्वर्टर, गोदरेज अलमीरा, पानी का फिल्टर भेंट स्वरूप दिया गया। महिला थाना प्रभारी और नगर थाना प्रभारी ने माइक्रो फाइनेंस महिला समूह के अधिक. ारियों को धन्यवाद दिया। उन्होंने संयुक्त रूप से कहा कि दिए गए सभी उपकरण अति महत्वपूर्ण और उपयोगी है जिसकी सख्त आवश्यकता थी दोनों ही थाने को। इस नेक कार्य के लिए माइक्रो फाइनेंस महिला समूह धन्यवाद के पात्र हैं। प्रति. निधि मंडल में मुख्य रूप से केन्द्रीय एक्सेस गर्वमेंट लिमिटेड क्षेत्रीय प्रबंधक मंटू यादव, गिरिडीह शाखा प्रबंधक महानंद महतो, बीएसटी डिपार्टमेंट अनिल कुमार, कन्हैया कुमार, कैलाश कुमार, प्रदीप कुमार और शिवम कुमार मौजूद थे।

## गिरिडीह मुफ्फसिल थाना क्षेत्र में एक्साइज का पड़ा छापा

**अपेम लाइव : गिरिडीह/ टाउन आदित्य पांडेय**



आज रविवार अहले सुबह से मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के जंगलपुरा, पांडेयडीह और शीतलपुर के दस घरों में अवैध शराब बिक्री और निर्माण को लेकर उत्पाद निरीक्षक अरुण कुमार पांडेय की अगुआई में छापेमरी अभियान चलाया गया। कई शरण बनाने की भट्ठियों को ध्वस्त किया गया। छापेमारी अभियान के दौरान तीन धंधेबाजों को गिफ्तार किया गया है। आज के इस अभियान में एक क्विंटल जावा महुआ और साठ लिटर महुआ शराब को बरामद किया गया। साथ ही महुआ शराब बनाने के यंत्र को बरामद किया गया। उत्पाद निरीक्षक अरुण कुमार पांडेय ने बताया कि अवैध शराब बिक्री और निर्माण पर पूर्ण रूप से लगाम लगाने के लिए छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। आज के इस छापेमारी अभियान में उत्पाद निरीक्षक अरुण कुमार पांडेय, अजय सिंह, सुरेंद्र यादव, प्रदीप पांडेय, जयदेव प्रसाद यादव, नागेश्वर प्रसाद सिंह, रामवचन यादव सहित कई अन्य जवान शामिल थे।

## गिरिडीह के उपनगरी पचंबा के नवनिर्मित सलैया रेलवे स्टेशन में पटरी पर मिला युवक की लाश

**अपेम लाइव : गिरिडीह/ टाउन आदित्य पांडेय**





आज अहले सुबह जब लोग मॉर्निंग वॉक के लिए निकले तो सलैया स्टेशन के पास रेल्वे पटरी पर 25वर्षीय युवक की लाश पड़ा हुआ देखा लाश देखकर शोर मचा दिया जिससे स्थानीय ग्रामीण की भीड़ उमड़ पड़ी। युवक की लाश ट्रेन से कटकर सर धड़ से अलग हो गया था, पटरी पर खून पसरा हुआ था। स्थानीय लोगों ने लाश को गौर से देखा और मृतक की पहचान पचम्बा थाना क्षेत्र के मा. निकलालो निवासी 25 वर्षीय मुकेश दास उर्फ लोधा दास के रुप में किया। शव देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि ट्रेन से कटकर उसकी मौत हो गई है क्योंकि सर धड़ से अलग हो गया है।

घटना के संबंध में रेलवे कर्मचारियों से पूछने पर कर्मचारियों ने बताया कि सवेरे जब वे लोग उठे तो रेलवे पटरी पर सर कटा हुआ शव देखा घटना कब हुई है कैसे हुई है उन लोगों ने इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है। स्थानीय सिकदारडीह पंचायत मुखिया प्रतिनिधि ठाकुरदास का कहना है कि सलैया स्टेशन में यह दूसरी घटना है जिसके लिए रेलवे प्रबंधन पूरी तरह से जिम्मेदार है।उन्हा. ने रेलवे विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा कि ट्रेन चलाने वाले ड्राइवर पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाय और मृतक के आश्रितों को मुआवजा देने की मांग करते हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद पचम्बा थाना पुलिस सलैया रेलवे स्टेशन पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गिरिडीह सदर अस्पताल ले गई।

## एनीमिया से पीड़ित बच्ची को दो यूनिट एवं दो यूनिट अन्य लोगों को उपलब्ध कराई गई

### बड़ा बाजार यूथ विंग के प्रयास से महज 24 घंटे में 4 मरीजों को मिला रक्त

**अपेम लाइव : हजारीबाग अमरजीत सिंह**



इटखोरी करणी निवासी दयानंद दांगी की सुपुत्री छोटी कुमारी 17 वर्षीय एनीमिया से पीड़ित है। न्यू लाइफ लाइन अस्पताल में इलाज इलाज के दौरान उनके शरीर में रक्त की कमी होने चिकि. कत्सकों के द्वारा यथाशीघ्र रक्त उपलब्ध करने को लेकर उनके परिजनों को निर्देश दिया गया आनन–फानन में उनके परिजनों ने ब्लड बैंक से संबंधित रक्त ना मिलने पर बड़ा बाजार यूथ विंग से रक्त उपलब्ध कराने को लेकर मदद की गुहार लगाई यूथ विंग के तमाम अधिकारियों ने संबंधित रक्त की खोजबीन में जुट गए जिसके बाद बड़ा बाजार यूथ विंग ने 17 वर्षीय बच्ची को दो यूनिट रक्त उपलब्ध करवाया। हजारीबाग निवासी श्रीकांत सिन्हा एवं कानी बाजार निवासी अतुल कुमार ने रक्तदान कर 17 वर्षीय बच्ची की जान बचाई। हजारीबाग निवासी मणिकांत की धर्मपत्नी इंदु देवी 40 वर्षीय अ०परेशन के दौरान उनके शरीर में रक्त की कमी पाई गई ड०क्टर के द्वारा तत्काल रक्त उपलब्ध कराने को लेकर परिजनों को सूचना दी गई जिसके बाद परिजनों के द्वारा बड़ा बाजार यूथ विंग के पदाधिकारियों से संपर्क किया गया जिसके बाद हजारीबाग के वरिष्ठ पत्रकार ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। हजारीबाग के हनुमान नगर निवासी निरंजन सोनी की सुपुत्री वर्षा ज्योति 17 वर्षीय एनीमिया से पीड़ित है इलाज के दौरान ड०क्टर द्वारा तत्काल रक्त उपलब्ध कराने को लेकर परिजनों को सूचना दी गई। जिसके बाद परिजनों ने बड़ा बाजार यूथ विंग के पदाधिकारियों से संपर्क किया। जिसके बाद रामनगर निवासी जयनंदन सिन्हा ने रक्तदान कर 17 वर्षीय बच्ची की जान बचाई। मौके पर अध्यक्ष विशाल खंड. ेलवाल ने कहा कि सेवा भाव ही हमारे यूथ विंग का सबसे बड़ा उद्देश्य है। मौके पर सचिव सह कोषाध्यक्ष अमर विनायका ने सभी रक्त दाताओं के जज्बे को सलाम करते हुए कहा कि आप सभी ने मानव जीवन का सबसे अमूल्य कार्य किया है। मौके पर उपाध्यक्ष रितेश खंडेलवाल ने कहा कि जिस घड़ी रक्त का प्रबंध हो हो जाता है उस वक्त लोगों को रक्त मिलने के बाद उनके चेहरे पर खुशी देख मन प्रसन्न और प्रभावित होता है। मौके पर रु– अध्यक्ष विशाल खंडेलवाल, सचिव कोषाध्यक्ष अमर विनायका, उपाध्यक्ष संजय कुमार डिश, रितेश खण्डेलवाल, सदस्य अतिशय जैन, जयनंदन सिन्हा सहित कई सदस्यगण उपस्थित रहे।

## झारखण्ड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन इकाई गिरीडीह की महत्वपूर्ण बैठक

**अपेम लाइव : गिरिडीह/ मुफसील प्रमोद कुमार गुप्ता**



सदर प्रखंड के कोवड अंर्तगत पर्वतपुर हाई स्कूल में झारखंड प्राइवेट स्कूल एसोशिएशन गिरीडीह का बैठक श्री सहदेव महतो के अध्यक्षता में संपन्न हुई हैं ।जिसमे गिरीडीह प्रखंड के सभी निजी विद्यालय के प्रधानाचार्य उपस्तित हुए।ि. जसमे अध्यक्ष सहदेव महतो ने कहा विगत 3 साल से विद्यालय बंद था।जिसमे प्रखंड के लगभग सभी विद्यालय खुल गए है।लेकिन सरकार की मानस जाहिर नही हुई।कि एक निजी विद्यालय को कितनी जमीन चाहिए। जिसमें आज के बैठक में निर्णय लिया गया की सरकार द्वारा ट ज म में सुधार करें ताकि जो विद्यालय जिस संसाधन में चल रही हैं । उसी रूप में उनको मान्यता दी जाए । सरकार द्वारा बार बार निजी विद्यालय को सरक. ारी फरमान निकालकर परेशान करने का काम ना करें । अन्यथा हम सभी निजी विद्यालय के शिक्षक गण धरना प्रदर्शन करेंगें । इस बैठक में जिला संरक्षक अजित मि. श्रा।गिरीडीह प्रखंड अध्यक्ष सहदेव महतो ,प्रखंड सचिव प्रमोद कुमार , कोषाध्यक्ष – प्रयाग प्रसाद वर्मा , विकास वर्मा ,परमेश्वर प्रसाद वर्मा , अजीत , रणधीर कुमार सैकड़ों की संख्या में विद्यालय के प्रधानचार्य और उनके प्रतिनिधि उप. स्थित थे ।

## चंद्रवंशी समाज के लोंगो ने होली मिलन समारोह कार्यक्रम को लेकर की बैठक

**अपेम लाइव : बरकट्ठा मानव राज सिंह**



बरकट्ठाः–डाकडीह शिव मंदिर के प्रांगण में होली मिलन कार्यक्रम को लेकर चंद्रवंशी समाज के लोंगो ने बैठक की। बैठक में होली 13 मार्च को मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही कार्यक्रम में कूदर, धरगुलली, शिलाडीह, बेल. कप्पी, कपका के लोग शामिल हुए। चंद्रवंशी बैठक में महेश चंद्रवंशी, मनोज चंद्रवंशी,जितेंद्र चंद्रवंशी, रिंकू चंद्रवंशी, धनेश्वर चंद्रवंशी, प्रदीप चंद्रवंशी, उमेश चंद्रवंशी, मानव चंद्रवंशी, अर्जुन चंद्रवंशी, सीताराम चंद्रवंशी, सुरेश चंद्रवंशी, अनिल चंद्रवंशी,आदि लोग शामिल थे।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## NMOPS जिला कार्यकारिणी की जिला अधिवेशन की बैठक संपन्न

**अपेम लाइव : गिरिडीह/ टाउन आदित्य पांडेय**




रविवार को एनएमओपीएस गिरिडीह की जिला कार्यकारिणी की एक बैठक सर जे सी बोस विद्यालय परिसर में जिला संयोजक मुन्ना प्रसाद कुशवाहा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में राज्य कर्मियों के पुरानी पेंशन की बहाली को लेकर प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर जिले में 13 मार्च 2022 को आयोजित की जाने वाली पेंशन चेतना यात्रा और जिला महा अधिवेशन की सफलता को लेकर विचार विमर्श किया गया साथ ही पेंशन अधिवेशन की आवाज सूबे के मुखिया तक पहुंचे और राज्य में सरकार के वायदे के अनुसार पुरानी पेंशन बहाली की घोषणा शीघ्र हो । इसको लेकर रणनीति बनाई गई । जिला संयोजक मुन्ना कुशवाहा ने कहा की पुरानी पेंशन बहाली के लिए हमें एकजुट होकर एक मिशन पुरानी पेंशन लागू कराने को लेकर एक बैनर तले सभी संगठनों को साथ लेकर काम करने की आवश्यकता है। सभी संगठन अपने कई मुद्दों पर संघर्षशील हैं एनएमओपीएस उनके संघर्ष को सलाम करता है लेकिन पुरानी पेंशन को लेकर सिर्फ और सिर्फ एनएमओपीएस जिला स्तर से लेकर देश स्तर तक जोरदार आंदोलन के साथ अपनी उपस्थिति सड़क से लेकर सदन तक दर्ज करा चुकी है इसी का परिणाम राजस्थान में देखने को मिला जिला सम्मेलन और यात्रा को सफल बनाने के लिए सभी संगठनों से समन्वय स्थापित करते हुए सदस्यता शुल्क और सदस्यता को बढ़ाने के लिए जिले के सभी विभागों के कार्यालय में जाकर उन्हें इस बारे में अवगत कराना है और सभी संगठनों के पदाधिकारियों को आग्रह पत्र देना है। इस कार्य के लिए विकास सिन्हा अवधेश कुमार राजेश कुमार सिंह मिथुन राज रविकांत चौधरी नौशाद को प्राधिकृत किया गया और निर्णय लिया गया की अधिवेशन की सफलता के लिए कोर टीम का गठन किया जाएगा और पोस्टर बैनर के साथ हजारों की संख्या में पेंशन विहीन कर्मी 13 तारीख को पेंशन चेतना यात्रा और अधिवेशन में भाग लेंगे । बैठक को संबोधित प्रांतीय महिला उपाध्यक्ष शमा परवीन मीडिया प्रभारी मिथुन राज नौशाद समा राजेश कुमार सिन्हा सहित कर्मचारी संघ के विकास सिन्हा अवधेश यादव ने भी किया। जिला कार्यकारिणी के सदस्यों की कम उपस्थिति पर असंतोष व्यक्त किया गया। सामूहिक निर्णय लिया गया कि महाधिवेशन और पेंशन यात्रा में सभी विद्यालयों से 11 चार पहिया वाहन से शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मी सभी विभाग के कार्यालयों से पेंशनहीन कर्मी निश्चित रूप से भाग लें और अपनी पेंशन की लड़ाई को मजबूती दें। आज के इस बैठक का संचालन कोषाध्यक्ष रविकांत चौधरी ने किया।

## शारदा कोचिंग सेंटर पिहरा के विद्यार्थियों ने किया राजगीर, नालंदा बिहार ऐतिहासिक स्थलों का परिभ्रमण

**अपेम लाइव : गांवा मोजाहिद अली**




पिहरा के 150 बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए राजगीर एवं नालंदा भेजा गया है। बच्चे राजगीर की पहाड़ियों का अवलोकन, ब्रह्मकुंड, जरासंध का अखाड़ा, गरम जल स्नान सहित विभिन्न ऐतिहासिक स्थल और मंदिरों का अवलोकन किए एवं पहाड़ियों के मनमोहक दृश्य का आनंद उठाएं विश्व शांति स्तूप मंदिर मैं भगवान बौद्ध का दर्शन भी किए उसके बाद बिहार के प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थल नालंदा विश्वविद्यालय का परिभ्रमण किया एवं विद्यार्थियों को नालंदा विश्वविद्यालय के इतिहास को विषय विस्तार से देखने और समझने का अवसर प्राप्त हुआ उसके बाद राजगीर के प्राकृतिक जंगलों में वन भोज का कार्यक्रम संपन्न किया गया सभी विद्यार्थियों ने वन भोज कार्यक्रम का आनंद एक साथ लिए मौके पर कोचिंग संस्था के शिक्षक अजय पंडित ने कहा किऐतिहासिक स्थल का भ्रमण कर छात्र–छात्राओं का इतिहास का अध्ययन प्राप्त करने में सहूलियत होगी। वे ऐतिहासिक स्थल के बारे में किताबों में पढ़ाई करते है। उन्होंने कहा कि कोचिंग संस्था की यह योजना छात्रों के लिए मानसिक व बौद्धिक विकास में सहायक साबित हो रहा है। परिभ्रमण में शामिल अभिभावक स्वरूप सूर्यमणि पांडे ने कहा कि. परिभ्रमण से बच्चों का बौद्धिक विकास होता है। बच्चों को पढ़ाई, खेलकूद के साथ–साथ परिभ्रमण की भी काफी जरूरी होती है। परिभ्रमण के दौरान बच्चें जिन दार्शनिक स्थल की चर्चा अपने शिक्षकों से सुनते हैं उसे वे अपने नजरों से देखेंगे। शिक्षक कौशल किशोर सोनू ने कहा कि शिक्षा के साथ–साथ ऐतिहासिक स्थलों का परिभ्रमण भी विद्यार्थियों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है इससे विद्यार्थियों में अपने इतिहास के प्रति जागरूकता पैदा होती है एवं बच्चों के मानसिक एवं बौद्धिक विकास के लिए परिभ्रमण बहुत ही जरूरी है मौके पर शिक्षक विकास कुमार,,दिनेश पंडित, अजीत कुमार, अजय पंडित, विनोद कुमार ,कौशल किशोर सोनू, सूर्यमणि पांडे एवं राहुल कुमार, सरफराज आलम, जमशेद आलम, जितेंद्र कुमार, पंकज कुमार, अमन कुमार ,राज बाबू, शुभमनी पांडे, रुपमणी पांडे ,खुशी कुमारी, अनीशा भारती ,रोशनी कुमारी , सैकड़ों विद्यार्थी परिभ्रमण में शामिल हुए।

## मृतक परिवार से मिले आजसू पार्टी केंद्रीय सचिवः–अनूप

**अपेम लाइव : बिरनी सब्बा अहमद**



बिरनी थाना क्षेत्र मे शनिवार को शाम 5:30 बजे सन्तोष साव की दादी पचिया देवी जिसकी उम्र 102 वर्ष अपने पैतृक आवास खुट्टाटाण्ड में स्वर्गवास हो गई जिसकी सूचना मिलने पर आज दिन रविवार को सुबह आजसू पार्टी केंद्रीय सचिव सह सरिया मध्य ज०न जिला परिषद अनूप कुमार पांडे बिरनी मध्य ज०न जिला परिषद कैलाश यादव, ईटु साव ,सरिया अध्यक्ष आजसू बिरेन्द्र यादव,बिरनी सचिव आजसू सह शाखाबारा मुखिया राजेन्द्र यादव,सरिया,दीपू यादव समाजसेवी सह राजद नेता रघुनन्दन यादव,पूर्व मुखिया खरखरी किसुन साव,मोहन साव,डा० मनीजर साव,बिजय यादव,सजंय साव,राजेश साव मथुरा यादव,आजसू संगठन सचिव बबलु यादव ,मुकेश साव ,टहल साव, शिक्षक किसुन यादव,पप्पू साव,बिरेन्द्र साव इत्यादि पहुँच कर पीडित परिवार से मिलकर इस दुख घड़ी में ढाढ़स बधाया मृत आत्मा को शांति मिले भगवान से प्रार्थना किये।

## झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ गिरिडीह के प्रतिनिधि मंडल ने सदर विधायक को सौंपा ज्ञापन

**अपेम लाइव : गिरिडीह/ टाउन आदित्य पांडेय**



रविवार को झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ गिरिडीह के प्रतिनिधि मंडल ने स्थानीय सदर विधायक सुदीव्य कुमार सोनू के गिरिडीह आवास पर 3 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा और उसके निराकरण की मांग करते हुए तत्काल संज्ञान लेने का आग्रह किया । ज्ञापन में तीन सूत्री मांगों में मुख्य रूप से निम्नलिखित मांगो को उल्लेख किया गया

वर्ष 2019 में जिले में नियुक्त माध्यमिक शिक्षकों की सेवा संपुष्टि को लेकर कहां गया की परीक्षण अवधि के बाद शिक्षकों की सेवा संपुष्टि की जानी है जिसके आलोक में जिला शिक्षा पदाधिकारी को संघ की ओर से पूर्व में दो बार ज्ञापन देते हुए वार्ता की गई जिसमें संपुष्टि करने का आश्वासन मिला था परंतु वर्तमान तक कार्यालय द्वारा सोनी कुमारी केस के नाम पर संपुष्टि को लटकाया जा रहा है जबकि सोनी कुमारी के केस संपुष्टि का कोई संबंध नहीं है, माननीय उच्च न्यायालय ने गैर अनुसूचित जिलों में सोनी कुमारी के मामले को निष्प्रभावित किया है और इतिहास विषय पर योगदान कराया है। प्राथमिक शिक्षा से आरक्षित कोटे के तहत माध्यमिक शिक्षा में आने वाले शिक्षकों को वित्त विभाग के नियमानुसार अंतिम वेतन भुगतान पत्र के आधार पर वेतन दिया जाना है बार–बार के लिखित और मौखिक आग्रह के बाद भी जिला शिक्षा पदाधिकारी के स्तर से इस संबंध में कोई अग्रसर कार्यवाही नहीं की गई है तत्काल एलपीसी के आधार पर वेतन भुगतान की मांग की गई और 2022 में जिले के उच्च विद्यालयों में नियुक्त शिक्षकों के मामले में विभाग से प्रमाण पत्रों की जांच के आलोक में वेतन बाधित है शपथ पत्र के आधार पर वित्तीय वर्ष की समाप्ति को देखते हुए वेतन निर्गत कराने का निर्देश देने की कृपा की जाए। माननीय विधायक ने तीनों बिंदुओं पर सकारात्मक आश्वासन देते हुए गिरिडीह उपायुक्त को इसके तत्काल समाधान का लिखित निर्देश दिया है। आज के प्रतिनिधि मंडल में संघ के संयुक्त सचिव मुन्ना प्रसाद कुशवाहा, वरिष्ठ सदस्य मनोज रजक, सुधीर कुमार, मिथुन राज, असगर अली और राजेश कुमार सिंह शमिल थे।

## मृतक परिवार को मिला दो लाख की राशि

### जीवन ज्योति बीमा के तहत मृतक के परिवार को मिला लाभ

**अपेम लाइव : बिरनी सब्बा अहमद**



रविवार को झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक अमरेश कुमार सिंह द्वारा प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के लाभार्थी तुलसी यादव को 2,00,000 का चेक प्रदान किया गया। जनता जरीडीह शाखा, बिरनी प्रखंड,गिरिडीह में मिर्तक पुष्पा देवी पति तुलसी यादव, ग्राम– भट्ठासिंघा , पोस्ट – जनता जरीडीह, प्रखंड – बिरनी ,गिरिडीह का निधन अचानक हार्ट अटैक आने से अकस्मात 2 महीने पूर्व हो गया था। मृतिका ने 330 का जीवन ज्योति बीमा करवा रखा था तथा शाखा प्रबंधक निकेश कुमार सिन्हा ने मृत्यु प्रमाण पत्र जारी होने के उपरांत तत्परता दिखाते हुए क्षेत्रीय कार्यालय गिरिडीह में कार्यरत वरीय प्रबंधक कमल किशोर और प्रदीप कुमार बरनवाल और जनता जरीडीह शाखा में कार्यरत लिपिक अनुपम देव और बैंक मित्र पंकज कुमार की सहायता से 15 दिनों के अंदर ही लाभार्थी तुलसी यादव को बीमा कंपनी द्वारा लाभ प्राप्त करना सुनिश्चित करवाया। इस अवसर पर लाभुक तुलसी यादव ने झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक को दिल से धन्यवाद किया।

APEM LIVE

APEM LIVE